-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 03.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा साइबर ठगी/ फ्रॉड के शिकार पीड़ित/व्यक्ति के खाते में कुल 04 लाख 23 हजार 200 रुपए कराए गए वापस।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा टीम द्वारा साइबर ठगी/फ्रॉड के शिकार हुए पीड़ित के खाते में कुल 04 लाख 23 हजार 200 रुपये वापस कराये गये। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले शिवबरन पुत्र श्री चन्द्र के साथ किसी साइबर ठगी/ फ्रॉड कर 423200/ रुपये की बैंक एकाउंट से निकाल लिये गये थे। जिसके संबंध में पीडित द्वारा साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी गई थी। थाना साइबर क्राइम बांदा पुलिस टीम द्वारा कुशलता एवं सक्रियता से कार्य करते हुए आवेदक/पीड़ित के बैंक खाते में 423200/- रुपये वापस कराये गए। आवेदक द्वारा पैसा वापस मिलने पर थाना साइबर क्राइम बांदा पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया। बांदा पुलिस द्वारा आम जनमानस से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल अथवा संदिग्ध लेन-देन के संबंध में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें या साइबर थाने/नजदीकी थानें में शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

वापस करायी गई कुल धनराशि-

- 04 लाख 23 हजार 200 रुपये।

साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम का विवरण-

1. श्री राजेश चन्द्र मिश्रा प्र0निरी0 साइबर क्राइम पुलिस थाना
2. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार
3. हे0कां0 सतेन्द्र कुमार
4. हे0कां0 प्रान्जुल मिश्र
5. कां0 रविन्द्र सिंह
6. कां0 ललित कुमार
7. कां0 हिमांशू वर्मा
8. म0आ0 ज्योति उपाध्याय